# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोरखपुर ।

## नवीन गल्ला मण्डी महेवा मे निर्मित सुपर मार्केट की दुकानो के आवंटन की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन गल्ला मण्डी स्थल महेवा गोरखपुर में निर्मित सुपर मार्केट की दुकानो का आवंटन नीलामी पद्वति से कराये जाने हेतु दिनांक 22.04.2022 को दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" एवं "अमर उजाला" में विज्ञापन प्रकाशन कराया गया था। दुकानो के सापेक्ष आवेदन पत्र कम प्राप्त होने के कारण पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। सुपर मार्केट की दुकानो की नीलामी हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 14.06.2022 को समय 12 00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कराये जाने के लिए तिथि निर्धारित की गयी है। दुकानों का विवरण निम्नवत है :–

| कमांक | सुपर मार्केट की दुकान संख्या | आरक्षण की श्रेणी | निर्धारित न्यूनतम प्रीमियम धनराशि (लाख में) | पंजीकरण धनराशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 16 | अनारक्षित | 42.36 | 4,23,600.00 |
| 2 | 17 | अन्य पिछडा वर्ग | 41.78 | 4,17,600.00 |
| 3 | 18 | अनारक्षित | 41.78 | 4,17,800.00 |
| 4 | 19 | अन्य पिछडा वर्ग | 41.78 | 4,17,800.00 |

नीलामी में भाग लेने हेतु रुपये 295.00 जी0एस0टी0 सहित भुगतान करके दिनांक 06.06.2022 तक आवेदन प्राप्त कर सकते है तथा उसी दिवस को सायं 5.00 बजे तक जमा कर सकते है। पंजीकरण धनराशि के रुप में राष्ट्रीयकृत बैक के ड्राफ्ट/पे–आर्डर जो **"सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोरखपुर"** के पक्ष में देय हो, आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत बोलीदाता के द्वारा बोली गयी धनराशि का 50 प्रतिशत एवं जी0एस0टी0 का भुगतान तत्काल करना होगा, तथा शेष धनराशि तीन माह के अन्दर जमा करना होगा। आरक्षण का लाभ लेने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा आवेदन पत्र के साथ नियम व शर्ते संलग्न रहेगा।

24/05/2022
(राजित राम वर्मा)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
गोरखपुर।

(अभिनव रंजन श्रीवास्तव)
नगरमजिस्ट्रेट/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
गोरखपुर।

# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोरखपुर ।

पत्रांक–कृ0उ0म0स0/आवंटन/2022 227

दिनांकः 24 मई 2022

प्रतिलिपिः– 1– कार्यालय नोटिस वोर्ड पर चस्पा हेतु।

2–उपनिदेशक (प्रशासन/विपणन) मण्डी परिषद उ0प्र0 गोरखपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

3–सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान"/"अमर उजाला" गोरखपुर को इस आशय के साथ कि समाचार पत्र में प्रकाशित करने एवं शासकीय दर पर भुगतान हेतु दो प्रतियो में बिल उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

24/05/2022
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
गोरखपुर।

Scanned by CamScanner

# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति,

नवीन मण्डी स्थल महेवां, गोरखपुर।

मोबाइल नम्बर–8765956816

पत्रांकः कृ0उ0म0स0गो0 / 2022– 238 दिनांक–26.5–2022

सेवा में,

सिस्टम एनालिस्ट,
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी,परिषद उ0प्र0
लखनऊ।

महोदय

कृपया अवगत कराना है नवीन गल्ला मण्डी महेवा में निर्मित सुपर मार्केट की 04 नग दुकानों का आवंटन नीलामी माध्यम से कराये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–14.06.2022 की तिथि निश्चित किया गया है जिसका प्रकाशन समाचार पत्रों में कार्यालय पत्रांक–227 दिनांक–24.05.2022 द्वारा करा दिया गया है। (छायाप्रति संलग्न है।)

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्नक प्रति को मण्डी परिषद की बेवसाइट पर अपलोड करवाने का कष्ट करें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसारः**

भवदीय,
26/05/2022
सचिव,
कृषि उत्पादन मण्डी समिति,
गोरखपुर।

Scanned by CamScanner